**शैक्षिक सत्र–2025–26**
**(20) ट्रेड–भूमि संरक्षण**
**कक्षा– 12**

**उद्देश्य––**

(1) भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार उद्योग के औद्योगीकरण से देश की बढ़ती हुई बेरोजगारी को दूर करना।

(2) भूमि कटाव को रोकना, उनका सुधार करना तथा प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि करके आर्थिक संकट से देश का बचाना।

(3) भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार उद्योग में दक्षता प्राप्त करके भविष्य में जीवकोपार्जन के लिए स्वयं को सक्षम बनाना।

(4) श्रम के प्रति आस्था उत्पन्न करने आत्म निर्भर बनने एवं कुशल नागरिक के निर्माण में योगदान देना।

(5) कृषि उत्पादन हेतु भूमि संरक्षित करना, सुधार करना तथा प्रतिवर्ष उनके क्षेत्रफल में वृद्धि करना।

(6) भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार सम्बन्धी यन्त्रों, उपकरणों एवं वैज्ञानिक विधियों की जानकारी अपने निजी जीवन को उपयोगी बनाने में सक्षम होना।

(7) प्रदेश की बंजर एवं अनुपयुक्त भूमि को उपयोगी एवं उपजाऊ बनाकर कृषि उत्पादन के योग्य बनाना। वृक्षारोपण कर वन उद्योग को प्रोत्साहन देना।

**रोजगार के अवसर––**

(1) भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार उद्योग को विभिन्न इकाइयों में रोजगार मिलने की सम्भावना।

(2) भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार की इकाई खोलकर अपना निजी व्यवसाय चला सकता है।

(3) भूमि सुधार सम्बन्धी यन्त्रों, उपकरणों एवं रसायनों की बिक्री के व्यवसाय से दुकान चला सकता है।

(4) देश की बंजर एवं अनुपयोगी भूमि को उपयोगी बनाकर खेती कर सकता है।

(5) भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार सम्बन्धी अलग–अलग समितियां बनाकर स्वयं तथा अन्य को रोजगार उपलब्ध करा सकता है।

**पाठ्यक्रम––**

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

| | **पूर्णांक** | | **उत्तीर्णांक** | |
|---|---|---|---|---|
| **(क) सैद्धान्तिक––** | | | | |
| प्रथम प्रश्न–पत्र | 60 | 300 | 20 | 100 |
| द्वितीय प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| चतुर्थ प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| **(ख) प्रयोगात्मक––** | | | | |
| आन्तरिक परीक्षा | 200 | 400 | 200 | |
| बाह्य परीक्षा | 200 | | | |

**टीप**––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

**प्रथम प्रश्न–पत्र**
**(मृदा एवं जल)**

1–बाह्य क्षेत्र, वाह्य क्षेत्र का वर्गीकरण, बाह्य क्षेत्र प्रबन्ध, जलीय चक्र के मुख्य घटक, वर्षण के प्रकार, वर्षण का प्राक्कलन, वर्षामापी यन्त्र का अध्ययन, जलवृष्टि की विशेषतायें। 30

2–अपवाह परिभाषा, प्रभावित करने वाले कारक, अपवाह दर का प्राक्कलन, परिक्षेत्र विधि, अपवाह की माप, धारामापी विधि, ब्लब विधि, बियर विधि, बेग एवं क्षेत्रफल विधि। 30

**द्वितीय प्रश्न–पत्र**
**(मृदा क्षरण)**

1–वायु क्षरण, वायु क्षरण की यांत्रिकी, संचालन का उपक्रमण, परिवहन की प्रक्रिया, निलम्बन उत्पतन, पृष्ठ सर्पण, निक्षेपण, वायु क्षरण को प्रभावित करने वाले कारक, वायु क्षरण व हानियाँ। 30

2–भू–क्षरण द्वारा मृदा हानि का प्राक्कलन, भारत में भू–क्षरण की समस्याएं, खड्ड क्षरण की समस्या, भारत में खड्ड क्षरण की समस्या एवं खड्ड की समस्या एवं खड्ड क्षरित क्षेत्र, वायु क्षरण की समस्या, सागरीय क्षरण की समस्या। 30

## तृतीय प्रश्न–पत्र
## (भूमि संरक्षण)

1–वृक्ष संरक्षण की यांत्रिकी विधियां, मेडबन्दी मेड़ों के प्रकार, समोच्च मेड़बन्दी, समोच्च मेड़ों के कार्य, मेड़ों का अभिकल्पन, ढाल की प्रवणता, अन्तराल मेड़ों का आकार एवं अनुप्रस्थ काट, मेड़ों को ऊँचा, पार्श्व ढाल, शीर्ष चौड़ाई, मेड़ों का आकार, चौड़ाई, समोच्च मेड़ों को प्रभावित करने वाले कारक, मेड़ों की स्थिति का निर्माण एवं प्रबन्ध, मेड़ निर्माण के आर्थिक लागत की गणना। 20

2–वेदिका खेती––परिभाषा, वेदिकाओं के कार्य, वेदिकाओं के प्रकार, सोपान वेदिका, कटक एवं नाली वेदिका, सोपान वेदिका के प्रकार एवं उनकी उपयोगिता, वेदिकाओं का अभिकल्पन, अन्तकरण, वेदिका प्रवणता, वेदिका लम्बाई, वेदिका की अनुप्रस्थ काट, वेदिका निर्माण एवं निर्माण के आर्थिक लागत की गणना। 20

3–समतलीकरण––परिभाषा, समतलीकरण की विधियाँ, समतलीकरण के उपयुक्त यंत्रों का अध्ययन, समतलीकरण की आर्थिक लागत की गणना, खड्ड नियंत्रण, नियंत्रण के सिद्धान्त, नियंत्रण उपायों के उद्देश्य, नियंत्रण की विधियाँ, वानस्पतिक विधियाँ, यांत्रिक विधियाँ, अस्थायी रचनाएं, स्थायी रचनाएं। 20

## चतुर्थ प्रश्न–पत्र
## (वायु क्षरण नियंत्रण)

1–शुष्क खेती, परिभाषा, भारत में शुष्क क्षेत्रों का वितरण, शुष्क खेती सम्बन्धित सुझाव, शुष्क क्षेत्र के लिये फसलों का चयन। 30

2–घासदार जल मार्ग, जल मार्गों का उपयोग, जल मार्गों का अभिकलन बहाव की समस्या, जल मार्ग की आकृति, उपयुक्त घासों का चुनाव, जल मार्गों का निर्माण एवं निर्माण के आर्थिक लागत की गणना। 30

## पंचम प्रश्न–पत्र
## (ऊसर भूमियों का सुधार एवं भूमि संरक्षण में वानिकी प्रबन्ध)

1–वनों का प्रभाव, वनों के प्रकार, विभिन्न परिस्थितियों में वन रोपण के लिये संस्तुत जातियां, क्षेत्र वानिकी वन सुरक्षा, आधुनिक जीवन में वनों का योगदान, वनों का पर्यावरण पर प्रभाव, वर्गीकरण की सरकारी नीति एवं उनकी उपयोगिता। 30

2–भूमि संरक्षण, सिंचाई परिभाषा, उद्देश्य, फसल की जल मांग, सिंचाई आवृत्ति, सिंचाई की जल क्षमता की नाप, विभिन्न फसलों एवं क्षेत्रों के लिये सम्पूर्ण जल आयतन का प्राक्कलन, सिंचाई की विधियाँ। 30

## प्रयोगात्मक

1––सोपान वेदिका का निर्माण।
2––कन्टूर एवं वेदिका नाली का निर्माण।
3––समतलीकरण।
4––विभिन्न क्षेत्रों में रक्षा पेटियों का निर्माण।
5––विभिन्न प्रकार के पौधशाला का निर्माण।
6––पौधशाला में पौधों का कर्षण।
7––जल–मार्गों का निर्माण।
8––विभिन्न प्रकार के पौधों एवं बीज की पहचान।
9––पी0 एच0 ज्ञान करना।
10––नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश एवं मृदा के मुख्य तत्वों को ज्ञात करना।
11––ऊसर सुधार का व्यावसायिक ज्ञान।
12––विभिन्न संरक्षण रचनाओं का कार्य स्थल पर अवलोकन।

## प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा

समय––5 घण्टे

**(क) प्रयोगात्मक परीक्षा––**

**(1) बाहय परीक्षा––**

परीक्षार्थियों को तीन प्रयोग दिये जायें––
प्रयोग––1 (दीर्घ प्रयोग)
प्रयोग––2 (लघु प्रयोग)
प्रयोग––3 (लघु प्रयोग)

**(2) सतत् आन्तरिक मूल्यांकन––**

(क) सत्रीय कार्य

(ख) कार्य–स्थल का प्रशिक्षण

**नोटः**––प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

संस्तुत पुस्तकें––

| क्रमांक | पुस्तक का नाम | लेखक का नाम | प्रकाशक का नाम एवं पता | मूल्य | संस्करण वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | सर्वश्री–– | | रु0 | |
| 1 | भूमि संरक्षण एवं भूमि सुधार प्रौद्योगिकी | डा0 ओम प्रकाश सिंह | सिंघल बुक, डिपो एवं पता | 15.00 | 1988 |
| 2 | भूमि एवं जल संरक्षण के सिद्धान्त | डा0 मिश्रा, शुक्ला एवं शुक्ला | तदेव | 30.00 | 1988 |
| 3 | मृदा एवं जल संरक्षण के सिद्धान्त | एस0 सी0 वर्मा | मेसर्स भारतीय भण्डार बड़ौत, मेरठ | 25.00 | 1987 |
| 4 | कृषि अभियन्त्रण | बी0 बी0 सिंह | कुक्क पब्लिशिंग हाउस, बड़ौत, मेरठ | 13.50 | 1988 |
| 5 | मृदा एवं जल संरक्षण के मूल सिद्धान्त | डा0 ओम प्रकाश | तदेव | 30.00 | 1983 |
| 6 | मृदा विज्ञान | डा0 सिंह एवं शर्मा | तदेव | 30.00 | 1987 |
| 7 | मृदा अपरदन एवं भूमि संरक्षण | डा0 त्रिपाठी एवं सहयोगी | प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, नैनीताल | 50.00 | 1988 |
| 8 | भारत में मृदा संरक्षण | श्री बसु एवं सहयोगी | प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, नैनीताल | 4.65 | 1988 |